CS (Main) Exam:2015

**C-AVZ-O-QPMB**

# राजनीति-विज्ञान तथा अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध / POLITICAL SCIENCE AND INTERNATIONAL RELATIONS

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : तीन घंटे* | *अधिकतम अंक : 250* |
| *Time Allowed : Three Hours* | *Maximum Marks : 250* |

---

**प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश**

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें आठ प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपे हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

**Question Paper Specific Instructions**

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

---

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**

**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) तुलनात्मक राजनीति के मुख्य उपागम कौन-से हैं ? तुलनात्मक जाँच के अध्ययन के राजनीतिक अर्थशास्त्रीय उपागम की संक्षेप में व्याख्या कीजिए ।

Which are the major approaches of comparative politics ? Explain in brief, the political economy approach to the study of comparative inquiry. *10*

(b) क्या आप इस विचार को मानते हैं कि राज्य और राजनीति की आधुनिक परिकल्पनाएँ प्रमुखत: यूरो-केन्द्रित हैं और न तो यह देशज हैं और न ही ग़ैर-पश्चिमी समाजों के विश्लेषण के लिए उपयुक्त हैं ?

Do you subscribe to the view that the modern constructs of the State and politics are pre-eminently Eurocentric and not indigenous and appropriate for the analysis of non-western societies ? *10*

(c) हन्स जे. मॉर्गनथाऊ के क्लासिकी यथार्थवाद एवं कैनेथ वॉल्ट्ज़ के नवयथार्थवाद के मध्य मुख्य अन्तरों की पहचान कीजिए । शीत युद्ध के बाद अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों के विश्लेषण हेतु कौन-सा उपागम सर्वाधिक अनुकूल है ?

Identify the major differences between the classical realism of Hans J. Morgenthau and the neorealism of Kenneth Waltz. Which approach is best suited for analysing international relations after the Cold War ? *10*

(d) क्या वैश्वीकरण आवश्यक रूप से पूँजीवादी आधुनिकता के 'सार्विकीकरण' (यूनिवर्सलाइज़ेशन) की प्रक्रिया है ?

Is globalization essentially a process of 'universalisation' of capitalist modernity ? *10*

(e) हित समूहों एवं दबाव समूहों के मध्य क्या अन्तर है ? क्या भारत में दबाव समूह अपने सदस्यों के हितों को पूर्णतया सुरक्षित एवं संवर्धित करने की स्थिति में हैं ?

What is the difference between Interest Groups and Pressure Groups ? Are the Pressure Groups in India in a position to fully protect or promote the interests of their members ? *10*

**Q2.** (a) 'लोकतंत्र के लिए संघर्ष पर कटु कलह और मुसीबतों के चिह्न लगे हुए हैं ।'

पाकिस्तान, नेपाल और म्याँमार के मामलों के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, इस कथन का परीक्षण कीजिए ।

'The struggle for democracy has been marked by bitter strife and tribulations.'

Examine the statement, illustrating the cases of Pakistan, Nepal and Myanmar. *20*

(b) नाभिकीय भयावरोध (न्यूक्लीयर डिटरेंस) की थियोरी पर चर्चा कीजिए । क्या नाभिकीय भयावरोध (निवारण) ने महाशक्तियों के मध्य युद्ध को रोके रखा ?

Discuss the theory of Nuclear Deterrence. Did Nuclear Deterrence prevent a superpower war ? *15*

(c) 'सहस्राब्दि विकास लक्ष्य' (एम.डी.जी.) के वास्तविक उद्देश्य क्या हैं ? क्या आपके विचार में सहस्राब्दि विकास लक्ष्य निर्धनता न्यूनीकरण और धारणीय विकास (सस्टेनेबल डवेलेपमेंट) के वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल हुए हैं ?

What are the real objectives of Millennium Development Goals (MDG) ? Do you think that millennium development goals have been able to achieve the desired goals of poverty alleviation and sustainable development ? *15*

**Q3.** (a) क्या आप समर्थन करते हैं कि मानव अधिकारों पर पारम्परिक (रूढ़िगत) प्रवचन महिला अधिकारों को शामिल करने में विफल रहा है ? नारी अधिकारवादी थियोरियों के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए ।

Do you endorse that the conventional discourse on human rights has failed to include women's rights ? Explain in the context of feminist theories. *12+8=20*

(b) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष व विश्व बैंक द्वारा प्रभावित विश्व शासन रचनातंत्र कहाँ तक विधिसम्मत और प्रासंगिक हैं ? वैश्विक शासन में उनकी प्रभाविता को बढ़ाने के लिए आप क्या उपाय सुझाएँगे ?

How far are the world governance mechanisms, dominated by IMF and World Bank, legitimate and relevant ? What measures do you suggest to improve their effectiveness in global governance ? *15*

(c) सोवियत संघ के विघटन (बिखराव) और अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति पर उसके प्रभाव की चर्चा कीजिए ।

Discuss the collapse of the Soviet Union and its impact on international politics. *15*

**Q4.** (a) क्या संयुक्त राष्ट्र संघ की आर्थिक एवं सामाजिक व्यवस्थाओं का सुधार प्रभावोत्पादक (प्रभावी) रहा है ?

Has the reform of the economic and social arrangements of the United Nations been effective ? *20*

(b) 'यूरोपीय संघ विश्व में राजनीतिक दृष्टि से सर्वाधिक प्रभावशाली, आर्थिक रूप से शक्तिशाली एवं जनसांख्यिकीय दृष्टि से विविधापूर्ण प्रादेशिक सत्ता बन गया है ।' चर्चा कीजिए ।

'The European Union has become, the most politically influential, economically powerful and demographically diverse regional entity in the world.' Discuss. *15*

(c) यह क्यों है कि आर्थिक और नव-उदारवादी वैश्वीकरण पर अंदर से, यहाँ तक कि विकसित देशों के भीतर से भी, प्रश्न उठाए जा रहे हैं ? इस प्रकार के वैश्वीकरण के आर्थिक परिणाम क्या हैं ?

How is it that economic and neo-liberal globalization is being interrogated from inside even in developed countries ? What are the economic consequences of such globalization ? *15*

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**
**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) देश की सामाजिक संरचना उसके विदेश नीति-निर्माण को प्रभावित करती है । भारत की सामाजिक संरचना इसकी विदेश नीति के क्रम एवं दिशा को किस प्रकार प्रभावित करती है ?

The social structure of a country influences its foreign policy-making. How does the social structure of India impact the course and direction of its foreign policy ? *10*

(b) स्वतंत्रता प्राप्ति से 'गुटनिरपेक्षता' भारत की विदेश नीति का आधारिक सिद्धान्त रहा है । समकालीन संदर्भ में इसकी प्रासंगिकता की विवेचना कीजिए ।

'Non-alignment' has been the basic principle of India's foreign policy since independence. Discuss its relevance in the contemporary context. *10*

(c) दक्षिण एशिया में प्रादेशिक सहयोग के समक्ष बाध्यताओं/चुनौतियों की पहचान कीजिए ।

Identify the constraints/challenges to the regional cooperation in South Asia. *10*

(d) उत्तर-पूर्व भारत में नृजातीय संघर्षों एवं विद्रोहों को पड़ोसी देशों के साथ सम्बन्धों को सुधारने के द्वारा ज़्यादा अच्छा व्यवस्थित किया जा सकता है । इस कथन को उचित उदाहरण देकर प्रमाणित कीजिए ।

Ethnic conflicts and insurgencies in North-East India can be better managed by improving relations with the neighbouring countries. Substantiate the statement with suitable examples. *10*

(e) भारत के विदेश नीति-निर्माण को संसद किस प्रकार निर्धारित और प्रभावित करती है ?

How does the Parliament determine and influence the making of India's foreign policy ? *10*

**Q6.** (a) वर्ष 2000 से पूर्व, भारत-अमेरिकी सम्बन्ध मैत्री से ज़्यादा मनमुटाव को संकेतित करते हैं। इसका क्या कारण है ?

Before the year 2000, the Indo-U.S. relationship has been marked more with estrangement than cordiality. Why ? *20*

(b) 'आर्थिक हित भारत की विदेश नीति में मुख्य घटक के रूप में उभरकर आया है।' इस कथन की विवेचना भारत द्वारा चीन, जापान और मध्य एशियाई गणराज्यों के साथ सम्बन्धों को सुधारने की पहलकदमी के संदर्भ में कीजिए।

'Economic interest has emerged as the main component of India's foreign policy.' Discuss the statement in the light of India's initiatives to improve relations with China, Japan and the Central Asian republics. *15*

(c) वर्ष 1998 में, भारत ने स्वयं को एक नाभिकीय शस्त्र सम्पन्न राष्ट्र घोषित किया था। भारत परमाणु अप्रसार संधि (NPT) और व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबन्ध सन्धि (CTBT) पर हस्ताक्षर करने से इनकार करता है। यदि भारत इन दोनों सन्धियों पर हस्ताक्षर कर देता है, तो इसके भारत की नाभिकीय नीति के लिए क्या निहितार्थ होंगे ?

In 1998, India declared itself as a nuclear weapon state. India refuses to sign NPT and CTBT. What would be the implications for India's nuclear policy in case it signs both the treaties ? *15*

**Q7.** (a) नव विश्व-व्यवस्था की परिकल्पना भारत की विदेश नीति के प्रमुख उद्देश्य के रूप में उभर कर ऊपर आई है। इस सम्बन्ध में भारत द्वारा की गई नीतिगत पहलकदमी और उसके सामने आने वाली चुनौतियों की चर्चा कीजिए।

Vision of a new world order has emerged as the major objective of India's foreign policy. Discuss the policy initiative taken by India in this regard and the challenges faced by it. *20*

(b) लैटिन अमेरिका में भारत की उपस्थिति में कमी आने के कारकों की विवेचना कीजिए।

Discuss the factors for the decline of India's presence in Latin America. *15*

(c) भारत और इसके पड़ोसियों के मध्य नदी जल विवाद उत्तेजना के प्रमुख स्रोत के रूप में उभर रहे हैं । विवादों के स्रोतों की पहचान कीजिए और उपचारी उपाय सुझाइए ।

River water disputes are emerging as a major source of irritation between India and its neighbours. Identify the sources of conflicts and suggest the remedial measures. *15*

**Q8.** (a) संयुक्त राष्ट्र संघ 2015 में अपनी स्थापना के 70 वर्ष पूर्ण कर रहा है । शासन की वैश्विक संस्थाओं को मज़बूत करने के लिए, भारत किन सुधारों के लिए कह रहा है और क्यों ?

The United Nations completes 70 years of its establishment in 2015. What reforms is India asking for to strengthen the global institutions of governance and why ? *20*

(b) इज़राइल और अरब जगत के बीच अपने सम्बन्धों को संतुलित करने के लिए, भारत द्वारा की गई यथार्थवादी विदेश नीति की पहलों पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the realistic foreign policy initiatives taken by India to balance its relations between Israel and the Arab world. *15*

(c) यमन और ईराक की तरह संकट-ग्रस्त खाड़ी देशों में भारत द्वारा अदा की गई लोकोपकारी भूमिका की विवेचना कीजिए ।

Discuss the humanitarian role played by India in the crisis-stricken Gulf countries like Yemen and Iraq. *15*